Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Issue regarding empowernment of women and alleged fake news on condition of women in Odisha.

श्री अनुभव मोहंती (केन्द्रपाड़ा): सर, धन्यवाद। मैं आपसे हाथ जोड़कर विनती करना चाहूंगा, क्योंकि जो बात मैं बोल रहा है, वह बहुत गम्भीर है। ओडिशा मेरी मां है और मेरी मां के बारे में आज कुछ फेक न्यूज इसी सदन में मेरे सामने बोली गई है। मैं आपसे अनुमति चाहूंगा कि मुझे दो मिनट ज्यादा वक्त दें तो मैं अपने दिल की बात बोल पाऊंगा।

माननीय अध्यक्ष : आप केवल एक मिनट में अपनी बात खत्म कर दीजिए।

श्री अनुभव मोहंती: सर, मैं कोशिश करूंगा कि जल्दी अपनी बात खत्म कर सकूं। मैं हमारे सनातम धर्म के चार धामों में से एक धाम से हूं, जिसे जगन्नाथ पुरी धाम बोलते हैं। वहां पर महाप्रभु श्री जगन्नाथ अपनी बहन के बिना घर से बाहर नहीं निकलते हैं। साल में एक बार जब वे अपने भक्तों को मिलने के लिए बाहर निकलते हैं तो वह अपनी मौसी के यहां जाते हैं। जब वह मौसी के यहां से वापस आते हैं तो घर के अंदर घुसने से पहले माता लक्ष्मी से उनको अनुमति लेनी पड़ती है, उनको मनाना पड़ता है, फिर वह मंदिर में वापस जाते हैं। यह ऐसी मिट्टी है, ऐसी जगह है, जहां पर माताओं, बहनों, स्त्रियों और महिलाएं जिस रूप में हों, सबको इज्जत और बहुत सम्मान से पेश करते हैं, उनको इज्जत देते हैं।

आज इसी सदन में एक माननीय सदस्य, जो ओडिशा से हैं, उन्होंने यहां कुछ गलत तथ्यों को रखा है, जिससे मुझे बहुत शर्म आ रही है। वह इतने जाने-माने और पढ़े-लिखे इंसान होते हुए भी किस तरह से इस तरह की बात यहां पर कर पाए। पहली बहुत छोटी बात यह है कि उनको यह समझ में आना चाहिए था कि जो ओडिशा का स्टेट मैटर है, उसको यहां नहीं बोलना चाहिए।

दूसरी बात यह है कि वह यहां पर महिलाओं के सम्मान के बारे में बात कर रहे थे। महिलाओं के ऊपर जो विपत्ति है, जो महिलाओं के अगेंस्ट क्राइम हो रहे हैं, इसके बारे में उन्होंने बोला। सर, ओडिशा नम्बर तीन पर स्टैंड करता है, लेकिन मैं उनकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं और अगर मैं गलत हूं तो मुझे माफ कीजिएगा। मुझे किसी सदस्य से यहां पर कोई कम्प्लेंट नहीं है। अगर क्राइम अगेंस्ट वूमेन में नम्बर वन पर काउंट किया जाए तो शायद जो रिपोर्ट बता रही है, उसमें उत्तर प्रदेश है और वहां पर उन्हीं की सरकार राज कर रही है।

मैं ओडिशा के बारे में इतना कहना चाहूंगा कि माननीय मुख्य मंत्री श्री नवीन पटनायक साहब ने वर्ष 2000 में जब पहली बार मुख्य मंत्री के पद पर आसन ग्रहण किया, तब एक ही साल के अंदर उन्होंने मिशन शक्ति करके एक मूवमेंट मूव किया, जिसमें महिलाओं को सशक्त करने के लिए सोचा। आज की तारीख में 70 लाख महिलाएं सशक्त हो चुकी हैं। सर, आप जानकर हैरान होंगे कि कोविड -19 के टाइम में 1,174 एसएचजीज़ ने 33 लाख मास्क्स बनाए।

कई हजार ग्रुप्स ने 8.5 मिलियन लोगों को मील्स पहुंचाए हैं। उन्होंने खुद से वह खाना बनाया है। मैं उस राज्य से हूं।

मैं आपके माध्यम से इतनी विनती करना चाहूंगा कि आज की तारीख में सबसे दुखद चीज फेक न्यूज है। स्प्रेडिंग ऑफ फेक न्यूज, … *खबरों को अफवाह की तरह फैलाकर युवाओं को मिसलीड करने का काम होता है, इसको अगर हम लोग नहीं रोकेंगे तो कोई नहीं रोकेगा।

मैं आपके माध्यम से सरकार और प्रधान मंत्री जी से आग्रह करूंगा, वह हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए एनक्रेज करते हैं। उन्हीं की पार्टी के जो नेशनल स्पोक्सपर्सन हैं, उन्हीं की पार्टी के जो नेशनल वाइस प्रज़िडेंट हैं, उनकी एक संस्था के काफी सारे स्टाफ ने … *(व्यवधान)